राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनाक : 12.03.2012

प्रेस विज्ञप्ति

आयोग द्वारा दिनांक 02.02.2012 को घोषित कनिष्ठ लिपिक संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा, 2011 (फेज–I) में सफल घोषित किये गए अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रस्तुत है कि:–

(i) आयोग द्वारा उक्त पदों हेतु फेज– II की परीक्षा दिनांक 17 एवं 18 मार्च, 2012 को जयपुर में आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है जिनके प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी उक्त वेबसाइट से अपना प्रवेश–पत्र डाउनलोड कर, फोटोयुक्त आई.डी.प्रमाण एवं पासपोर्ट साईज की एक फोटो के साथ परीक्षा में उपस्थित हों।

(ii) अभ्यर्थी कम्प्यूटर परीक्षा से पूर्व दिनांक 16.03.2012 तक रूपये 200/– का परीक्षा शुल्क ई–मित्र/सी.एस.सी. के माध्यम से ऑनलाईन जमा कराते हुए निम्न 3 में अपनी सेवा प्राथमिकता भर दें

(1) अधीनस्थ कार्यालय (2) शासन सचिवालय (3) राज. लोक सेवा आयोग कार्यालय
जो अभ्यर्थी आयोग को निर्धारित अवधि में प्राथमिकता क्रम प्रस्तुत नहीं करेगे, उनकी सेवा प्राथमिकता उक्तानुसार मान ली जावेगी।

(iii) ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने निर्धारित तिथि तक आयोग को परीक्षा शुल्क नहीं भेजा है, वे परीक्षा केन्द्र पर सेवा प्राथमिकता प्रपत्र के साथ कम्प्यूटर परीक्षा शुल्क रू. 200/– के भारतीय पोस्टल ऑर्डर अपने साथ आवश्यक रूप से लेकर उपस्थित होवें, अन्यथा उन्हें उक्त परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

(iv) निःशक्तजन अभ्यर्थियों को फेज– II की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा से नियमानुसार मुक्त रखा गया है। ऐसे अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से प्रपत्र डाउनलोड कर अपना रोल नम्बर व नाम अंकित करते हुए अपनी प्राथमिकता भर कर सीधे ही आयोग को प्रेषित कर दें। उन्हें उक्त सेवा प्राथमिकता प्रपत्र के साथ कोई शुल्क नहीं भेजना है।

(डॉ0के.के.पाठक)
सचिव